महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

मध्यप्रदेश अधिनियम क्रमांक 37 वर्ष 1995 द्वारा स्थापित एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी) की धारा 2(f) के अन्तर्गत सूचीबद्ध

क्रमांक: .... दिनांक: 18/04/2019...

कार्यवृत्त

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के **आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ** की बैठक **दिनांकः 18/04/2019 दिनः गुरूवार को अपरान्हः 2:00** बजे विश्वविद्यालय के **मुख्यालयः– ब्रह्मस्थान, करौंदी, उमरियापान, जिला–कटनी म.प्र.** में संपन्न हुई। उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहेः–

1. प्रो. भुवनेश शर्मा, कुलपति	–	अध्यक्ष
2. श्रीमति नमिता पाठक	–	संयोजक
3. डॉ. ओमनारायण तिवारी	–	सह–संयोजक
4. श्री बी. के. शुक्ला	–	सदस्य
5. श्री संदीप शर्मा	–	सदस्य
6. डॉ. उमाशंकर तिवारी	–	सदस्य
7. डॉ. मनीष खरे	–	सदस्य
8. डॉ. मानवेन्द्र पाण्डेय	–	सदस्य
9. श्री हरिनारायण शर्मा	–	सदस्य
10. श्री सीमांत शर्मा	–	सदस्य
11. श्री अरविन्द सिंह	–	सदस्य

बैठक की कार्यवाही के प्रारंभ में माननीय अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात श्री गुरूपरंपरा पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार सस्वर पाठ के उपरांत बैठक में विस्तृत विचार विमर्श कर निम्नलिखित निर्णय लिये गये।

पद क्र. 01 वेद विभाग द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी पर विचार।

निर्णयः– विश्वविद्यालय के वेद विभाग द्वारा दिनांक 27 जून 2019 को **"वैदिकयज्ञविज्ञानम्"** विषय पर प्रस्तावित **राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी** पर विचार विमर्श कर सफलता पूर्वक आयोजित किये जाने हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया।

पद क्र. 02 विश्वविद्यालय में संचालित मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एम.एस.डब्ल्यू) पाठ्यक्रम के संशोधन पर विचार।

निर्णयः– विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभाग से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर वर्तमान में संचालित मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एम.एस.डब्ल्यू) पाठ्यक्रम को संशोधित किये जाने की अनुशंसा की गयी।

मुख्यालयः– ब्रह्मस्थान, करौंदी, पोस्ट–महनेर, जिला–कटनीः–(मध्य प्रदेश)–483332 • फोनः– 9981994424, 9755038115, 9755038542
प्रशासनिक कार्यालयः– लमती, विजय नगर, जबलपुर :–(मध्य प्रदेश)–482002 • फोनः– 0761-2637213, 2637216, 2637217
E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com • Website :- www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, फैक्स :- 0761-4071151

क्रमांक: ....

दिनांक: 18/04/2022.

पद क्र. 03 विश्वविद्यालय में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत की गयी गतिविधियों पर विचार।

निर्णयः– विश्वविद्यालय द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत पांच गांव गोद लिये गये हैं। उक्त गांवों में विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा, जल संरक्षण, स्वच्छता और स्वास्थ्य के संबंध में विभिन्न गतिविधियां संचालित की गयीं। इसके अतिरिक्त इन सभी गांवों के विद्यालयों में भावातीत ध्यान एवं योग का प्रशिक्षण दिया गया तथा ग्राम सभायें भी आयोजित की गयी।

पद क्र. 04 विश्वविद्यालय में आमंत्रित व्याख्यान के आयोजन के संबंध में विचार।

निर्णयः– विश्वविद्यालय के सभी विभागों में विभिन्न विषयों में कम से कम तीन आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किये जाने हेतु सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया।

उपरोक्त निर्णय सर्वसम्मति से लिये गये एवं शीघ्र निर्णयों को लागू करने हेतु निर्देशित किया गया।

संयोजक

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ
महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय
करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी (म.प्र.)